एसपी ने किंजर थाना का किया निरीक्षण

करपी, अरवल। जिले में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव ने किंजर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, पुलिस प्रशासन से संबंधित अभिलेखों के रखरखाव तथा विभिन्न मामलों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण को पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता बताते हुए क्षेत्र में नियमित गश्ती, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके त्वरित निष्पादन, आरोपितों की



संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाने के दिये निर्देश

गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई तथा अनुसंधान कार्य में तेजी लाने पर भी जोर दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने तथा संवेदनशील मामलों में समय रहते आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। साथ ही आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत करने, जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहने और आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की निर्देश दी गई।

227 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

अरवल। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 227 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पहली कार्रवाई सदर थाना क्षेत्र के रसीदपुर में की गई, जहां से 84 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। हालांकि शराब तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। उसकी पहचान सदर थाना क्षेत्र के रसीदपुर निवासी सनी कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरी कार्रवाई कलेर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 139 ठाकुर बिगहा मोड़ के समीप की गई। यहां स्विफ्ट डिजायर कार की तलाशी के दौरान 143 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। शराब मध्य प्रदेश से पटना ले जाई जा रही थी। मौके से भोजपुर निवासी पवन कुमार पासवान और पटना के अनीसाबाद निवासी सागर कुमार को गिरफ्तार किया गया।

डायट हैबतपुर में आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

शिक्षकों को सीआरसी की भूमिका एवं शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने का दिया प्रशिक्षण

अरवल। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हैबतपुर में भोजपुर, पटना एवं अरवल जिले के शिक्षकों का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का प्रथम बैच 26 से 28 अक्टूबर तथा द्वितीय बैच 29 से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को सीआरसी की भूमिका एवं जिम्मेदारियों के साथ संकुल के सभी विद्यालयों को शैक्षणिक सहयोग देने की जानकारी दी गई। वहीं शिक्षकों की भूमिका, शैक्षणिक नवाचार और सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। डायट की प्रधानाचार्य कुमारी वंदना ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को दक्ष बनाकर विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में मिली जानकारी को शिक्षक अपने विद्यालयों में लागू करें और अन्य शिक्षकों को भी मार्गदर्शन दें। प्रशिक्षण प्रभारी मानस मोहन पांडेय तथा मास्टर प्रशिक्षक देवेंद्र कुमार, साकेत कमल एवं विवेक कुमार ने प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें
हावड़ा और पटना के बीच

आगामी दिवाली और छठ उत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **हावड़ा और पटना** के बीच **अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन की तिथियों, ठहराव और गठन के अनुसार चलेंगी:-

03033/03034 हावड़ा – पटना – हावड़ा अनरिजर्व्ड स्पेशल

हावड़ा – पटना			(03033) (03034)	पटना – हावड़ा		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
06.11.26 एवं 11.11.26	–	17.40	↓ हावड़ा	22.15	–	07.11.26 एवं 12.11.26
	19.32	19.34	बर्द्धमान	19.06	19.08	
	21.00	21.05	आसनसोल	17.00	17.05	
	23.18	23.20	जसीडीह	14.02	14.04	
07.11.26 एवं 12.11.26	01.18	01.20	किऊल	09.18	09.20	
	05.00	–	पटना ↑	–	06.30	

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहेब और राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तारीख: हावड़ा से** – 03033 दिनांक 06.11.2026 और 11.11.2026 (शुक्रवार और बुधवार) को = 02 ट्रिप और **पटना से** – 03034 दिनांक 07.11.2026 और 12.11.2026 (शनिवार और बृहस्पतिवार) को = 02 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 16 और एसएलआरडी – 02 = 18 कोच **(अनरिजर्व्ड)। कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

03035/03036 हावड़ा – पटना – हावड़ा अनरिजर्व्ड स्पेशल

हावड़ा – पटना			(03035) (03036)	पटना – हावड़ा		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
07.11.26	–	23.45	↓ हावड़ा	01.00	–	09.11.26
08.11.26	01.50	01.52	बर्द्धमान	22.51	22.53	08.11.26
	03.33	03.36	आसनसोल	20.45	20.50	
	05.22	05.24	जसीडीह	18.25	18.27	
	08.02	08.04	किऊल	16.13	16.15	
	10.45	–	पटना ↑	–	13.35	

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहेब और राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तारीख: हावड़ा से** – 03035 दिनांक 07.11.2026 (शनिवार) को = 01 ट्रिप और **पटना से** – 03036 दिनांक 08.11.2026 (रविवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 16 और एसएलआरडी – 02 = 18 कोच **(अनरिजर्व्ड)। कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

लोदीपुर सूर्य मंदिर के समीप छठ पूजा समिति का गठन, संतोष शर्मा बने अध्यक्ष

छठ की तैयारी शुरू, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये गठित हुई नयी कमेटी

अरवल। आगामी छठ महापर्व की तैयारी को लेकर कलेर प्रखंड अंतर्गत मैनपुरा पंचायत के लोदीपुर सूर्य मंदिर के समीप बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिंदेश्वरी साव ने की। इसमें सर्वसम्मति से छठ पूजा समिति का गठन किया गया। गठित कमेटी में संतोष शर्मा को अध्यक्ष, रंजन कुमार को उपाध्यक्ष, अजय कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा पवन कुमार को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, श्रीनिवास ठाकुर, भगवान पंडित, नरेश ठाकुर, अरुण पाल, शिवदेनी साव, तपेश्वर चौहान एवं प्रमोद को व्यवस्थापक की जिम्मेदारी दी गई इस मौके पर मैनपुरा पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कमेटी गठन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों से अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि लोदीपुर में लोदीपुर सूर्य मंदिर वर्ष 2022 से सूर्य मंदिर के समीप छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और पूजा की बेहतर व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

जहर खाने से तीन माह की गर्भवती विवाहिता की मौत

अरवल। परासी थाना क्षेत्र के अमरा चौकी गांव में विदाई विवाद के बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका ममता कुमारी (शादी अप्रैल 2026) की शादी गोह थाना क्षेत्र के घेजना गांव निवासी दीपक कुमार से हुई थी। 31 अक्टूबर की शाम पति विदाई कराने ससुराल पहुंचा, जहां दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पति को हिरासत में लेकर थाने ले गई। इसी बीच ममता की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे सदर अस्पताल अरवल ले गए, जहां से पीएमसीएच पटना रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने दहेज प्रताड़ना और जबरन जहर पिलाने का आरोप लगाया है। वहीं, पति पक्ष ने आरोपों पर सवाल उठाते हुए अंतिम संस्कार में शामिल नहीं होने देने की बात कही है। मृतका के तीन माह की गर्भवती होने की भी बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नशे में झूमते छह लोग गिरफ्तार

काको, जहानाबाद। शराब के अवैध कारोबार और सेवन के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पाली थाने की पुलिस ने शराब के नशे में धुत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर हंगामा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान अलग-अलग स्थानों पर जांच की जा रही थी। इसी क्रम में उतरसेरथु गांव के समीप शराब के नशे में झूमते पांच लोगों को पकड़ा गया. गिरफ्तार लोगों की पहचान उतरसेरथु गांव निवासी पप्पू सपेरा, सुरेंद्र सपेरा, छोटन पासवान शोभी पासवान तथा दिनेश कुमार के रूप में हुई है। वहीं अलगना गांव निवासी टेम्पो बिंद को भी शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी आरोपितों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। शराब के सेवन और अवैध कारोबार के खिलाफ थाना क्षेत्र में लगातार छापेमारी एवं गश्ती अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

स्नान करने के दौरान डूबने से बच्ची की मौत

वंशी, अरवल। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड क्षेत्र के खड़ासीन पंचायत के खुंटवार गांव निवासी वीरु राजवंशी के 12वर्षीय पुत्री सुनीता कुमारी की मौत पइन में डूबने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव स्थित सूर्य मंदिर के पास पइन में सुनीता कुमारी स्नान कर रही थी। इसी बीच गहरे पानी में चली गई और डूब गई। मृत शरीर को पानी से ग्रामीणों ने निकला। परिवार एवं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही शहर तेलपा थानाध्यक्ष बालेश्वर पासवान घटना स्थल पर पहुंचे। परिजन को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्स्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह

मखदुमपुर। प्रखंड के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय मलाठी में प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत होने पर शिक्षकों बच्चों तथा अभिभावकों द्वारा सेवानिवृत शिक्षक के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद रहे। शिक्षक मोहम्मद जावेद असरफ उर्फ तमन्ना मलिक ने बताया कि उनके विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंह लम्बे समय तक उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय मालठी को समय दिए हैं। इनके मेहनत, लगन तथा अथक प्रयास से विद्यालय के शैक्षणिक कार्य में काफी सुधार हुआ और यहां के बच्चे इनके नेतृत्व में काफी अच्छा किये है। शांत स्वभाव तथा मेहनती के रूप में इन्हें हमेशा याद किया जाएगा। मौके पर शिक्षक शिव जन्म प्रसाद, अशोक प्रसाद, विजेन्द्र प्रसाद, सुमन कुमारी, रुकैया प्रवीण, प्रभारी प्रधानाध्यपक मोहम्मद आमिर आलम सहित बड़ी

वर्गीकृत

शपथ-पत्र

मैं मासूम राज उर्फ विवेक कुमार, पिता-दीपक कुमार, ग्राम महुआ सिंहराय, महुआ, वैशाली का निवासी हूँ। मेरी बजाज लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी सं. 0233565040 में विवेक कुमार और आधार सं. 5036 9597 7994 पर मासूम राज नाम अंकित है। मासूम राज एवं विवेक कुमार, पिता दीपक कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा इसी नाम से जाने एवं पहचाने जाते हैं, इस नाम का कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है।

शपथ पत्र

मैं, शिवानी कुमारी, पुत्री मनोज कुमार उर्फ मनोज ठाकुर, निवासी ग्राम मुकुंदपुर सिंघाड़ा, पोस्ट-सिंघाड़ा, थाना महुआ, जिला वैशाली, शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मैंने CBSE बोर्ड से वर्ष 2023 में मैट्रिक तथा 2025 में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की है। मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों में पिता का नाम MANOJ THAKUR अंकित है, जबकि आधार के अनुसार सही नाम MANOJ KUMAR है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

AFFIDAVIT

I, Anil Kumar S/o Vaidhnath Ray R/o Gorhia Chaman P.S- Warishpur P.O- Bhagwanpur. Dist- Vaishali Pin- 844114 Bihar do hereby solemnly affirm and declare That I am permanent residing of above said address. My son birth certificate and school record written as Amit sel. His Aadhar card mention as Ankit Raj. Ankit Raj and Amit sel both are same and one person. That from now he will be known as Amit sel for all future purpose. Vide affidavit no-6091 Dated-03.10.2026

शपथ-पत्र

मैं, बिमला शंकर प्रसाद, पिता-गौरी शंकर प्रसाद, पूर्व सीपीएल, सेवा संख्या 242591B, निवासी ग्राम कल्याणपुर, थाना-बिहिया, जिला भोजपुर (बिहार)। वर्तमान पता डोमगढ़ सिंदरी, जिला धनबाद, झारखंड। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेख में मिसेज मंजू बिमला शंकर प्रसाद एवं पीपीओ में मेरी पत्नी का नाम श्रीमती मंजू तथा जन्मतिथि 28/05/1975 दर्ज है। जबकि उनके आधार 619669526194 में सही नाम मंजू सिन्हा एवं जन्मतिथि 01/10/1955 है। मिसेज मंजू बिमला शंकर प्रसाद, श्रीमती मंजू एवं मंजू सिन्हा एक ही व्यक्ति हैं। इसलिए सेवा अभिलेख एवं पीपीओ में सही नाम एवं जन्मतिथि संशोधित कराने हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। शपथ पत्र संख्या 5081, 24/10/2026, आरा, भोजपुर

9/482/26

SAVE

सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

[illegible]

ई-मेल cs@saveind.in

शाखा स्थानांतरण का विज्ञापन

[illegible]

किंजर सूर्य मंदिर परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में चोरी, जांच करने पहुंचे एसपी

निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान में तेजी लाने का दिया निर्देश

करपी, अरवल। किंजर सूर्य मंदिर परिसर में स्थापित मां दुर्गा मंदिर में बीती रात चोरी की घटना सामने आई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव घटनास्थल पर पहुंचे और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों से घटना के संबंध में जानकारी ली तथा मामले के उद्भेदन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने चोरी की घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करने और चोरों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस संबंध में किंजर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि किंजर सूर्य मंदिर परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर से चोरों द्वारा सोने का लॉकेट चोरी किए जाने की सूचना मिली है। घटना को लेकर पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंदिर



परिसर में चोरी की घटना के बाद स्थानीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अब लोगों की निगाहें चोरी की घटना के शीघ्र उद्भेदन और आरोपियों की गिरफ्तारी पर टिकी हैं।

जीविका संकुल स्तरीय संघों ने चलाया जन-जागरुकता अभियान

गांव का संकल्प के माध्यम से घर-घर तक पहुंचेगा नशामुक्ति का संदेश

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिङवाई भूटिया के निर्देशानुसार जिले में नशामुक्त बिहार अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में रविवार से अभियान के द्वितीय सप्ताह की शुरुआत गाँव का संकल्प कार्यक्रम के साथ की गई। अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में संचालित 19 जीविका संकुल स्तरीय संघों (ब्स्थ) में विशेष बैठकों एवं जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन हेतु रोस्टर निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में रविवार को मखदुमपुर प्रखंड के बराबर, लक्ष्य एवं गोदावरी जीविका संकुल स्तरीय संघों में विशेष बैठकें आयोजित कर ग्रामीणों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नशे के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने की अपील की गई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित जागरूकता सत्रों में सकारात्मक जीवनशैली, आत्मसंयम, मानसिक दृढ़ता एवं नशामुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अभियान में जीविका स्वयं सहायता समूहों की दीदियाँ सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इनके माध्यम से गाँव-गाँव एवं घर-घर तक नशामुक्ति का संदेश पहुँचाया जा रहा है। साथ ही सामुदायिक संवाद, शपथ, रैली, प्रभात फेरी एवं समूह बैठकों के माध्यम से अधिकाधिक ग्रामीण परिवारों को अभियान से जोड़ने पर विशेष बल दिया जा रहा है। जिला प्रशासन का उद्देश्य नशे के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता के साथ सामूहिक चेतना विकसित करना है, ताकि प्रत्येक परिवार नशामुक्ति का संकल्प लेकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज के निर्माण में सहभागी बन सके। जिला प्रशासन की अपील है कि सभी जिलेवासी नशामुक्त बिहार अभियान से जुड़ें तथा अपने परिवार, गांव एवं समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान दें।



अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें
सियालदह और जयनगर, सियालदह और बलिया तथा कोलकाता और गोरखपुर के बीच

आगामी छठ उत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **सियालदह और जयनगर, सियालदह और बलिया** तथा **कोलकाता और गोरखपुर** के बीच निम्नलिखित अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन के दिनों और गठन के अनुसार चलेंगी:-

03137/03138 सियालदह–जयनगर–सियालदह अनरिजर्व्ड स्पेशल

सियालदह–जयनगर			(03137) (03138)	जयनगर–सियालदह		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
12.11.26	--	15.40	↓ सियालदह	01.30	--	14.11.26
	18.15	18.17	बर्द्धमान	22.32	22.34	13.11.26
	20.05	20.10	आसनसोल	20.55	21.00	
	22.25	22.27	जसीडीह	18.35	18.37	
13.11.26	04.40	04.45	दरभंगा	12.00	12.05	
	07.00	--	जयनगर ↑	--	10.00	

उपर्युक्त अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर और मधुबनी स्टेशनों पर भी रुकेंगी।

- **चलने की तिथियाँ/दिन: सियालदह से:** 03137 दिनांक 12.11.2026 **(बृहस्पतिवार)** को = 1 **ट्रिप** और **जयनगर से:** 03138 दिनांक 13.11.2026 **(शुक्रवार)** को=1 **ट्रिप।** • **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-18, एसएलआरडी- 02 = कुल 20 कोच (अनरिजर्व्ड);
- **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

03139/03140 सियालदह–बलिया–सियालदह अनरिजर्व्ड स्पेशल

सियालदह–बलिया			(03139) (03140)	बलिया–सियालदह		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
11.11.26	--	10.05	↓ सियालदह	01.30	--	13.11.26
	12.32	12.34	बर्द्धमान	22.37	22.39	12.11.26
	14.55	14.57	चित्तरंजन	19.53	19.55	
	16.03	16.05	जसीडीह	18.45	18.47	
	18.50	18.52	किऊल	15.00	15.02	
12.11.26	04.00	--	बलिया ↑	--	07.00	

उपर्युक्त अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, पानागढ़, दुर्गापुर, अण्डाल, आसनसोल, मधुपुर, सिमुलतला, झाझा, गिधौर, जमुई, मननपुर, बड़हिया, बरौनी, विद्यापतिधाम, मोहिउद्दीननगर, शाहपुर पटोरी, मेहनार रोड, देसरी, अक्षयवट राय नगर, हाजीपुर, सोनपुर, नयागांव, शीतलपुर, दिघवारा, छपरा, सुरेमनपुर, रेवती और सहतवार स्टेशनों पर भी रुकेंगी।

- **चलने की तिथियाँ/दिन: सियालदह से:** 03139 दिनांक 11.11.2026 **(बुधवार)** को = 1 **ट्रिप** और **बलिया से:** 03140 दिनांक 12.11.2026 **(बृहस्पतिवार)** को = 1 **ट्रिप।** • **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)- 18, एसएलआरडी- 02 = कुल 20 कोच (अनरिजर्व्ड);
- **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

03141/03142 कोलकाता–गोरखपुर–कोलकाता अनरिजर्व्ड स्पेशल

कोलकाता–गोरखपुर			(03141) (03142)	गोरखपुर–कोलकाता		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
13.11.26	--	15.40	↓ कोलकाता	10.30	--	15.11.26
	18.15	18.17	बर्द्धमान	06.51	06.53	
	20.45	20.47	चित्तरंजन	03.58	04.00	
	22.25	22.27	जसीडीह	02.52	02.54	
14.11.26	03.45	03.50	मुजफ्फरपुर	21.40	21.45	14.11.26
	11.00	--	गोरखपुर ↑	--	13.30	

उपर्युक्त अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, आसनसोल, मधुपुर, झाझा, जमुई, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, मेहसी, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, सिसवा बाज़ार और कप्तानगंज स्टेशनों पर भी रुकेंगी।

- **चलने की तिथियाँ/दिन: कोलकाता से:** 03141 दिनांक 13.11.2026 **(शुक्रवार)** को = 1 ट्रिप और **गोरखपुर से:** 03142 दिनांक 14.11.2026 **(शनिवार)** को = 1 ट्रिप। • **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)- 18, एसएलआरडी- 02 = कुल 20 कोच (अनरिजर्व्ड);
- **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

लोकतंत्र बचाओ व अराजकता हटाओ अभियान को लेकर चिंतन गोष्ठी

कुर्था, अरवल। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र स्थित डाकबंगला परिसर में लोकतंत्र बचाओ व अराजकता हटाओ अभियान के तहत प्रमुख नागरिकों की चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने की, जबकि मंच का संचालन भाजपा जिला मंत्री राहुल वत्स ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के मुद्दे पर विपक्षी दल जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी कांग्रेस चुनाव में हार का सामना करती है, तो वह अपनी हार का ठीकरा किसी न किसी संस्था या चुनावी प्रक्रिया पर फोड़ने लगती है। कभी सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जाते हैं, तो कभी ईवीएम और विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर संदेह पैदा किया जाता है। लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बार-बार सवाल उठाना और चुनावी हार के बाद संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर संदेह जताना उचित नहीं है। इससे जनता का लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होता है। भारत एक आत्मविश्वास से भरा संप्रभु लोकतंत्र है और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कभी सफल नहीं होगी।



एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष पर जनता को गुमराह करने का भाजपा जिलाध्यक्ष ने लगाया आरोप

AFFIDAVIT

I, Munwa Kumari W/o Ram Naresh Prasad R/o Vill+Post- Madhopur P.S- Bakhtiyarpur Dist- Patna Pin -803212 do hereby solemnly affirm and declare that I am permanent residing of above said address. In my Aadhar card mention as Munna Devi. My husband P.P.O my name is mention as Munwa Kumari. Munna Devi and Munwa Kumari both are same and one person. That from now I will be known as Munwa Kumari for all future purpose. Vide affidavit no-6092, Dated- 03.10.2026

AFFIDAVIT

I, Braj Kishor Tiwari S/o Ram Naresh Tiwari R/o Jasoiya Village-Saira P.O- Jakhim P.S- Paithu Dist- Aurangabad Bihar 824122 do hereby solemnly affirm and declare that I am permanent residing of above said address. My son in Aadhar card mention as Khushhal kumar. His Educational certificate mention as Ayush Kumar. Khushhal kumar and Ayush Kumar both are same and one person. That from now he will be known as Ayush Kumar for all future purpose. Vide affidavit no-33 Dated-03.10.2026

न्यायालय में,
श्रीमान् सिविल न्यायाधीश वरीय श्रेणी प्रथम, अरवल।
स्वत्व वाद संख्या -87/2026
देव प्रसाद साव............ वादी
बनाम
फुलमनी देवी............प्रतिवादी

नोटिस बनाम : 1. फुलमनी देवी, उम्र 75 वर्ष, पति- स्व0 कन्हाई पाण्डे, ग्राम- उसरी चकिया, थाना मेहन्दिया, जिला अरवल, राज्य बिहार।

चूँ वजरिये प्रकाशन आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आपके उपस्थिति हेतु पूर्व में न्यायालय द्वारा सम्मन भेजी गयी थी, परन्तु आप उपस्थित नहीं हुए। अत: आपको सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा निर्धारित तिथि 18.01.04 को 10.30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मुकदमें में एक पक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जायेगा। इसे सख्त ताकीद जाने।

दिनांक : 28.10.2016
न्यायाधीश-प्रथम, अरवल

24 दिनों तक श्रमदान कर चार युवकों ने मधुश्रवा पोखर की बदली सूरत, पेश की मिसाल

छठ को लेकर मनू, सोनू, मंटू और भैरव ने की सफाई

अरवल। जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मधुश्रवा शिव मंदिर स्थित पोखर की सफाई कर चार युवकों ने सामाजिक सेवा की अनूठी मिसाल पेश की है। आगामी छठ महापर्व को देखते हुए मनू कुमार, सोनू कुमार, मंटू कुमार और भैरव कुमार ने लगातार 24 दिनों तक श्रमदान कर पोखर की साफ-सफाई की। युवकों की इस पहल की जिलेभर में चर्चा हो रही है। पढ़ाई-लिखाई और अपनी दिनचर्या से समय निकालकर चारों युवकों ने कड़ी मेहनत से पोखर को स्वच्छ एवं सुंदर बना दिया। बताया जाता है कि मनू कुमार रविवार को मधुश्रवा मेला घूमने आए थे। इसी दौरान उनकी नजर गंदगी और जलकुंभी से भरे पोखर पर पड़ी। पोखर की बदहाल स्थिति देखकर उन्होंने स्वयं सफाई करने का संकल्प लिया और अपने साथियों को इस अभियान से जोड़ लिया। इसके बाद चारों युवकों ने लगातार 24 दिनों तक मेहनत कर पोखर की तस्वीर बदल दी। उनके इस प्रयास का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। इस बीच स्थानीय ग्रामीणों ने मंदिर कमेटी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर परिसर में रंग-रोगन, नियमित साफ-सफाई, मंदिर को समय पर खोलने तथा अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं को लेकर कमेटी की ओर से अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले इस स्थल के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। चारों युवकों के इस सराहनीय कार्य को लेकर जनसुराज पार्टी महिला जिला अध्यक्ष सिफानी देवी, भाजपा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी किशोरी कुमार केसरी सहित कई सामाजिक लोग उन्हें सम्मानित करने की पहल कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से भी चारों युवकों को सम्मानित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित करने से समाज में स्वच्छता और श्रमदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।



पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक